# प्रस्ताव 30 शिक्षा को फंड देने के लिए अस्थायी कर। गारंटीकृत स्थानीय सार्वजनिक सुरक्षा वित्त-पोषण। पहल संविधान संशोधन।

## ★ प्रस्ताव 30 के पक्ष में तर्क ★

*लीग ऑफ वीमैन वोटर्स ऑफ कैलिफोर्निया और कैलिफोर्निया टीचर्स एण्ड एंफोर्समेंट प्रोफेशनल्स की ओर से एक संदेश*

साथी कैलिफोर्नियावासियों,

कटौती के सालों बाद, कैलिफोर्निया के सार्वजनिक स्कूल, विश्वविद्यालय और सार्वजनिक सुरक्षा सेवाएँ टूटने के कगार पर हैं।

केवल पिछले चार वर्षों में ही, हमारे स्कूलों में $20 बिलियन से अधिक की कटौती की गई है, 30,000 से भी अधिक कम शिक्षक हैं और कक्षा के आकार देश में सबसे बड़े हैं। हमारे बच्चे इससे बेहतर के लायक हैं।

यह कुछ कार्रवाई करने और कैलिफोर्निया को वापस पटरी पर लाने का समय है।

प्रस्ताव 30, स्कूल एवं और स्थानीय सार्वजनिक सुरक्षा संरक्षण अधिनियम को गवर्नर Jerry Brown, लीग ऑफ वीमैन वोटर्स और शिक्षा, कानून प्रवर्तन और व्यापार के अग्रणियों के राज्यव्यापी गठबंधन का समर्थन प्राप्त है।

*प्रस्ताव 30 के लिए व्यापक समर्थन है क्योंकि यह ही मात्र पहल है जो स्कूलों और सुरक्षा के वित्तपोषण की रक्षा करेगी और राज्य की पुरानी बजट गड़बड़ियों का समाधान करने में मदद करेगी:*

- *स्कूल में गहन कटौती को रोकता है।* प्रस्ताव 30 के बिना, हमारे स्कूल और कॉलेज इस वर्ष $6 बिलियन की एक अतिरिक्त विनाशकारी कटौती का सामना कर रहे हैं। प्रस्ताव 30 ही *मात्र* पहल है जो उन कटौतियों को रोकती है और इस वर्ष शुरू होने वाले हमारे स्कूलों के कई बिलियन डॉलर का नया वित्तपोषण उपलब्ध कराती है—वह धन जिसको छोटी कक्षाओं, अद्यतन पाठ्यपुस्तकों और शिक्षकों को पुनः नियोजित करने पर खर्च किया जा सकता है।
- *स्थानीय सार्वजनिक सुरक्षा वित्तपोषण की गारंटी देता है।* प्रस्ताव 30 ही *मात्र* उपाय है जो हमारे राज्य के संविधान में सार्वजनिक सुरक्षा के वित्तपोषण को स्थापित करता है, जहाँ इसको मतदाताओ की स्वीकृति के बिना छुआ नहीं जा सकता है। प्रस्ताव 30 सड़क पर पुलिस को लाता है।
- *बजट संतुलन में मदद करता है।* प्रस्ताव 30 हमारे बजट को संतुलित करता है और कैलिफोर्निया के ऋण का भुगतान करने में मदद करता है—जो वर्षों की चालबाज़ियों और उधार लेने के कारण पैदा हो गया है। यह बजट खामियों को रोकने में एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे कैलिफोर्निया ग्रस्त है।

स्कूलों और सुरक्षा की रक्षा करने के लिए, प्रस्ताव 30 अधिक आय वाले लोगों—एक वर्ष में $500,000 से अधिक आय वाले दंपत्तियों—पर व्यक्तिगत आयकर को अस्थायी रूप से बढ़ाता है और बिक्रीकर को पिछले वर्ष की तुलना कम पर स्थापित करता है।

*प्रस्ताव 30 के कर अस्थायी, संतुलित और स्कूलों और सुरक्षा की रक्षा करने के लिए आवश्यक हैं:*

- *केवल उच्चतम आय अर्जक ही अधिक आयकर का भुगतान करते हैं:* प्रस्ताव 30 उन लोगों से अस्थाई तौर पर अधिक आयकर देने के लिए कहता है जो सबसे अधिक कमाते हैं। $500,000 प्रति वर्ष से कम कमाई करने वाले दंपत्तियों को किसी अतिरिक्त आयकर का भुगतान *नहीं* करना होगा।
- *सभी नए राजस्व अस्थायी है:* प्रस्ताव 30 के कर अस्थायी हैं, और इस पहल को *लोगों के मतदान के बिना नहीं बदला जा सकता है*। बहुत उच्चतम अर्जकों को सात सालों के लिए अधिक भुगतान करना होगा। बिक्रीकर के प्रावधान चार साल के लिए प्रभावी होंगे।
- *धन एक विशेष खाते में जाता है जिसे विधायिका छू नहीं सकती:* स्कूलों के लिए एकत्र किए गए धन को एक विशेष कोष में जमा किया जाता है जिसे विधायिका छू नहीं सकती और इसका इस्तेमाल राज्य की नौकरशाही के लिए नहीं किया जा सकता है।
- *प्रस्ताव 30 अनिवार्य लेखा परीक्षण को उपलब्ध कराता है:* अनिवार्य, स्वतंत्र वार्षिक लेखा परीक्षण सुनिश्चित करेगा कि धन को **केवल** स्कूलों और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए ही खर्च किया जाता है।

लीग ऑफ वीमैन वोटर्स और कैलिफोर्निया टीचर्स एण्ड एंफोर्समेंट प्रोफेशनल्स के साथ शामिल हों।

प्रस्ताव 30 पर **हाँ** में मतदान करें।

*स्कूलों और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक बीड़ा उठाएं।*

अधिक जानने के *YesOnProp30.com* जाएँ।

**JENNIFER A. WAGGONER,** अध्यक्ष
लीग ऑफ वीमैन वोटर्स ऑफ कैलिफोर्निया

**DEAN E. VOGEL,** अध्यक्ष
कैलिफोर्निया टीचर्स एसोसिएशन

**KEITH ROYAL,** अध्यक्ष
कैलिफोर्निया स्टेट शेरिफ्स एसोसिएशन

## ★ प्रस्ताव 30 के पक्ष में तर्क के लिए खंडन ★

प्रस्ताव 30 के समर्थकों का कहना है कि हमें या तो एक भारी कर वृद्धि को मंजूरी देनी है या स्कूलों में कटौती करनी है।

हम सभी कैलिफोर्निया में उत्कृष्ट स्कूल चाहते हैं, लेकिन करों में बढ़ोतरी करना ऐसा करने का एकमात्र तरीका नहीं है।

राजनेता हजारों राज्य वित्तपोषित कार्यक्रमों, भारी भरकम नौकरशाही और अपशिष्ट को व्यवस्थित करने के बजाय करों में वृद्धि करेंगे।

जरा देखें कि उन्होंने अभी क्या किया: राजनेताओं ने "बुलेट ट्रेन जो कहीं नहीं है" के लिए कैलिफोर्निया बांड्स में लगभग *$5 बिलियन* को अधिकृत किया जिससे करदाताओं पर प्रति वर्ष $380 मिलियन की लागत आई। हमें उन डॉलरों का इस्तेमाल स्कूलों के लिए करना चाहिए!

इसके बजाय, नेता हमें प्रति वर्ष झूठे विकल्प देते हैं—बिक्री को प्रति वर्ष $1 बिलियन बढ़ाना और छोटे व्यवसायों पर आयकर बढ़ाना या स्कूलों में कटौती करना।

**प्रस्ताव 30 ऐसा नहीं है जैसा कि यह लगता है:** यह कक्षाओं के वित्तपोषण के लिए एक भी नए धन की गारंटी नहीं देता है।

30 प्रस्ताव पर नहीं: यह राजनेताओं को वर्तमान में शिक्षा के लिए निर्धारित पैसे को लेने के लिए और इसको दूसरे कार्यक्रमों पर खर्च करने की अनुमति देता है। हम कभी नहीं जान पाएंगे कि वास्तव में पैसा कहाँ चला गया।

30 प्रस्ताव पर नहीं: यह सेक्रेमेंटो राजनेताओं को बिना बजट, पेंशन, या शिक्षा में सुधार की आवश्यकता के खाली चेक देता है।

30 प्रस्ताव पर नहीं: यह छोटे व्यवसायों का नुकसान करता है और नौकरियाँ खत्म करता है।

30 प्रस्ताव पर नहीं: यह सेक्रेमेंटो राजनेताओं के लिए बस और अधिक पैसा है जिसे वे खर्च कर सकते हैं।

गुमराह न हों, प्रस्ताव 30 वह नहीं है जैसा कि यह लगता है। यह सिर्फ सेक्रेमेंटो राजनेताओं के लिए अपने लिए अधिक धन लेने के लिए एक बहाना है, जबकि इससे अर्थव्यवस्था को नुकासन पहुँचेगा और शिक्षा में कुछ मदद नहीं होगी।

कैलिफोर्निया के निवासी इतने समझदार हैं कि उनको मूर्ख नहीं बनाया जा सकता है: *प्रस्ताव 30 पर नहीं का मतदान करें!*

**JOEL FOX,** अध्यक्ष
स्मॉल बिजनेस एक्शन कमेटी

**JOHN KABATECK,** कार्यकारी निदेशक
नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडिपेंडेंट बिजनेस/कैलिफोर्निया

**KENNETH PAYNE,** अध्यक्ष
सेक्रेमेंटो टैक्सपेयर्स एसोसिएशन



***इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की राय हैं और किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता के लिए जाँच नहीं की गई है।***

## ★ प्रस्ताव 30 के खिलाफ तर्क ★

प्रस्ताव 30 पर **नहीं**: यह सिर्फ $50 बिलियन अरब का राजनीतिक "शैल खेल" है—लेकिन स्कूलों के लिए किसी नए वित्तपोषण की गारंटी नहीं।

प्रस्ताव 30 के पीछे नेता चाहते हैं कि हम विश्वास करें कि अगर मतदाता प्रस्ताव 30 की सात साल में भारी कर वृद्धि को मंज़ूरी देते हैं तो नया पैसा कक्षाओं में जाएगा। कुछ भी सच्चाई से बढ़कर नहीं हो सकता।

प्रस्ताव 30 स्कूलों के लिए नया वित्तपोषण प्रदान करने के बजाय नेताओं को एक "शैल खेल" खेलने के लिए अनुमति देता है:

- वे स्कूलों के लिए मौजूदा पैसे को ले सकते हैं और इसको अन्य प्रयोजनों के लिए उपयोग कर सकते हैं और फिर इस पैसे को नए करों से उगाहे गए पैसे से प्रतिस्थापित कर सकते हैं। वे इसको एक हाथ से लेते हैं और दूसरे हाथ से वापस डाल देते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इसके चारों ओर कैसे घूमते हैं, प्रस्ताव 30 स्कूलों के लिए नए वित्तपोषण के एक नए पैसे की भी गारंटी नहीं देता है।
- कई शिक्षाविदों ने इस दोष को उजागर किया है और यहां तक कि कैलिफोर्निया स्कूल बोर्ड्स एसोसिएशन ने कहा है कि ". . . गवर्नर की पहल स्कूलों के लिए नए वित्तपोषण को प्रदान नहीं करती है।" (20 मई, 2012)
- वाल स्ट्रीट जर्नल ने भी उसी दोष की पहचान करते हुए कहा कि "कैलिफोर्निया के गवर्नर Jerry Brown अपनी कर वृद्धि को यह कहकर इस नवंबर में मतदाताओं को बेचने की कोशिश कर रहे हैं कि यह स्कूलों में जाएगा। गंदा छोटा रहस्य है कि नया राजस्व दिवालिया हो चुकी शिक्षक पेंशन निधि को फिर से भरने के लिए आवश्यक है।" वाल स्ट्रीट जर्नल संपादकीय, 22 अप्रैल 2012
- यहां तक कि प्रस्ताव 30 का आधिकारिक शीर्षक और सारांँश का कहना है कि पैसे को ". . . अन्य खर्च प्रतिबद्धताओं का भुगतान करने के लिए" इस्तेमाल किया जा सकता है।

इसके अलावा, ऐसी कोई आवश्यकताएं या आश्वासन नहीं हैं कि वास्तव में अधिक पैसा कक्षाओं में जाता है और प्रस्ताव 30 में बरबादी में कमी करने के लिए, नौकरशाही को खत्म करने के लिए या प्रशासनिक ओवरहैड में कटौती करने के लिए कुछ भी हमारी शिक्षा प्रणाली में सुधार नहीं करता है।

प्रस्ताव 30 पर **नहीं**—कोई सुधार नहीं

प्रस्ताव 30 के पीछे राजनेता और विशेष हित अपने नियंत्रण से बाहर खर्च का भुगतान करने के लिए करों में वृद्धि करना चाहते हैं, लेकिन सार्थक सुधारों को पारित करने से इंकार करते हैं:

- विशेष हितों और राजनेताओं ने, जिनको वे नियंत्रित करते हैं, पेंशन सुधारों को अवरुद्ध कर दिया है। कैलिफोर्निया में हमारी अनिधिक पेंशन देनदारियाँ $500 बिलियन हैं और इसके बाबजूद राजनेता असली सुधारों को अधिनियमित करने से इंकार कर रहे हैं।
- इन्हीं लोगों ने बजट सुधार को भी अवरुद्ध किया है। राजनेता राज्य से अधिक खर्च करना जारी रखे हुए हैं। प्रस्ताव 30 उनको बिना किसी सुधार के खर्च करने के लिए कई बिलियन डॉलर उपलब्ध कराकर खतरनाक पुरस्कार देता है, जिसमें कोई गारंटी नहीं कि पैसे की बरबादी नहीं की जाएगी और यह वास्तव में कक्षाओं में जाएगा।

प्रस्ताव 30 पर **नहीं**—राजनेताओं की धमकी को रोकें

गवर्नर, राजनेता और प्रस्ताव 30 के पीछे विशेष हित मतदाताओं को धमकी दे रहे हैं। उनका कहना है कि "हमारी भारी कर वृद्धि के लिए मतदान करें या फिर हम इसे स्कूल से निकाल लेंगे," लेकिन उसी समय वे पैसे को बचाने के लिए शिक्षा या पेंशन प्रणाली में सुधार करने के लिए मना करते हैं।

हमें रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए और अपशिष्ट में कटौती करने के लिए अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित करना है, सरकार को साफ करना है, अपनी बजट प्रक्रिया में सुधार करना है और राजनेताओं को छोटे व्यवसायों और कामकाजी परिवारों पर $50 बिलियन की कर वृद्धि करने के लिए, जो स्कूलों के लिए नए वित्त पोषण की कोई जवाबदेही या गारंटी नहीं करती है, जवाबदेह बनाने की जरूरत है।

प्रस्ताव 30 पर **नहीं**—सुधार और नौकरियां पहले, उच्च कर नहीं

**JON COUPAL,** अध्यक्ष
हावर्ड जार्विस टैक्सपेयर्स एसोसिएशन

**TOM BOGETICH,** कार्यकारी निदेशक (सेवानिवृत्त)
कैलिफोर्निया स्टेट बोर्ड ऑफ एजुकेशऩ

**DOUG BOYD,** सदस्ये
लॉस एंजिल्स काउंटी बोर्ड ऑफ एजुकेशऩ

## ★ प्रस्ताव 30 के खिलाफ तर्क के लिए खंडन ★

कटौती के वर्षों बाद, अब स्कूलों और स्थानीय सार्वजनिक सुरक्षा की रक्षा करने के लिए रेखा खींचने का समय है।

प्रस्ताव 30 के **कड़े राजकोषीय नियंत्रण** सुनिश्चित करते हैं कि पैसे को केवल स्कूलों और सार्वजनिक सुरक्षा पर ही खर्च किया जाता है:

- संविधान में राजस्व के बारे में गारंटी हो कि यह स्कूलों के लिए एक विशेष खाते में जाए ताकि *विधायिका इसे छू न सके*।
- पैसे का *हर साल* लेखापरीक्षण किया जाएगा और इसको प्रशासन या सेक्रेमेंटो नौकरशाही पर खर्च नहीं किया जा सकता है।
- प्रस्ताव 30 पैसे के दुरुपयोग के लिए आपराधिक मुकदमा चलाने को अधिकृत करता है।

हमारे बच्चों को देश में सबसे अधिक भीड़ कक्षाओं से बेहतर की अपेक्षा है। प्रस्ताव 30 अत्याधिक अमीर लोगों से अपना एक उचित हिस्सा कक्षाओं को खुला और पुलिस को सड़क पर रखने के लिए कहता है।

- **इस साल स्कूलों में गहरी कटौती को रोकता है:** प्रस्ताव 30 ही मात्र पहल है जो स्कूलों और विश्वविद्यालयों में इस साल स्वत: कटौती में $6 बिलियन को रोकती है। प्रस्ताव 30 के बिना, हम इस साल एक छोटे स्कूल वर्ष, शिक्षकों की छंटनी और ट्यूशन शुल्क में भारी वृद्धि का सामना करेंगे।
- **नए स्कूल वित्तपोषण में कई बिलियन उपलब्ध कराता है:** प्रस्ताव 30 कक्षा का आकार घटाने और कला व पीई जैसे कार्यक्रमों को बहाल करने के लिए अतिरिक्त धन के रूप में कई बिलियन डॉलर प्रदान करता है।
- **स्थानीय सार्वजनिक सुरक्षा की रक्षा करता है:** प्रस्ताव 30 राज्य के संविधान में स्थानीय सार्वजनिक सुरक्षा वित्तपोषण की गारंटी देता है और भविष्य की जेल लागत में कई बिलियन को बचाने में मदद करता है।
- **बजट संतुलन में मदद करता है:** प्रस्ताव 30 राज्य के बजट संतुलन के एक लंबी अवधि के समाधान का हिस्सा है।

शिक्षक, कानून प्रवर्तन, व्यापार जगत के अग्रणी और गवर्नर Jerry Brown, सभी प्रस्ताव 30 का समर्थन करते हैं क्योंकि यही मात्र उपाय है जो कैलिफोर्निया को बहाली की राह पर डालेगा।

*www.YesOnProp30.com* पर और अधिक जानें।

**JENNIFER A. WAGGONER,** अध्यक्ष
लीग ऑफ वीमैन वोटर्स ऑफ कैलिफोर्निया

**JOSHUA PECHTHALT,** अध्यक्ष
कैलिफोर्निया फेडरेशन ऑफ टीचर्स

**SCOTT R. SEAMAN,** अध्यक्ष
कैलिफोर्निया पुलिस चीफ्स एसोसिएशन

*इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की राय हैं और किसी भी सरकारी एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता के लिए जाँच नहीं की गई है।*